चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

पत्रांक – वी०प्र०/3716
दिनांक – 26-6-21

प्रेस विज्ञप्ति

परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों/विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमो के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत शासनादेश एवं कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति ने सत्र 2020-21 के सम्बन्ध में निम्न दिशा निर्देश जारी किये –

1. सभी पाठ्यक्रमो के अन्तिम वर्ष व अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षायें दिनांक 08 जुलाई से 08 अगस्त के मध्य आयोजित करायी जायेगी।
2. स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र जो सत्र 2019-20 की परीक्षाओं में बिना परीक्षा के स्नातक द्वितीय वर्ष हेतु प्रोन्नत हुये थे, की स्नातक द्वितीय वर्ष सत्र 2020-21 की परीक्षायें दिनांक 08 जुलाई से 08 अगस्त तक सम्पन्न करायी जायेंगी।
3. सभी पाठ्यक्रमों के अन्तिम सेमेस्टर को छोडकर अन्य सभी सम सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों की परीक्षा (जून 2021) न कराकर उन्हे उससे पहले के विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं (दिसम्बर-2020) के आधार पर अंक प्रदान कर अगले सेमेस्टर में प्रोन्नत किया जायेगा।
4. ऐसे विषम सेमेस्टर (दिसम्बर-2020), जिनकी सम्पूर्ण परीक्षायें आयोजित नही हुई थीं अथवा कुछ विषय की परीक्षायें अपूर्ण रह गयी थीं, की परीक्षायें 08 जुलाई से 08 अगस्त के बीच सम्पन्न करायी जायेंगी।
5. स्नातक पाठ्यक्रमों (बी०ए०/बी०एससी०/बी०काम०) द्वितीय व तृतीय के छात्रों को विकल्प प्रदान करते हुये प्रत्येक विषय में मात्र एक प्रश्नपत्र कोड की परीक्षा देनी होगी। छात्र अपनी सुविधानुसार प्रत्येक विषय के किसी एक प्रश्नपत्र (पेपर कोड) की परीक्षा की तैयारी करें।

5(a) बी०पी०टी० (चतुर्वर्षीय पाठ्यक्रम) में द्वितीय वर्ष (2019-20) तथा (2020-21) में सीधे प्रवेशित (Leteral Entry) छात्रों को डिप्लोमा के आधार पर अंक देकर प्रोन्नत किया जायेंगा।

6. परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी को एक विषय प्रश्नपत्र समूह का, उसकी इच्छा के आधार पर, एक प्रश्नपत्र प्रदान किया जायेगा। इस तरह हल किये गये एक पेपर कोड के अंकों के आधार पर उस विषय के बाकी पेपर कोडों में अंक प्रदान किये जायेंगें।
7. सभी परीक्षाओं के सभी प्रश्नपत्रों की अधिकतम अवधि 1.30 घंटे होगी।
8. प्रश्नपत्रों की शैली यथावत् बनी रहेगी अर्थात वार्षिक परीक्षाओं के अन्तिम वर्ष के प्रश्नपत्र बहुविकल्पीय (Objective) व अन्य सभी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र दीर्घ उत्तरीय (Subjective) प्रकार के होंगे।
9. सम सेमेस्टर (जून-2021) एवं 2020-21 सत्र की वार्षिक परीक्षाओं में कोई भी प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित नही करायी जायेगी। लिखित/सैद्धान्तिक परीक्षा के आधार पर ही प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक निर्धारित होगें।
10. संस्थागत पाठ्यक्रमों में आयोजित होने वाली मौखिक परीक्षायें (Viva Voce) Online माध्यम से सम्पन्न करायी जायेगी।
11. व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों में कोई भी मौखिक परीक्षा (Viva Voce) आयोजित नही करायी जायेगी। लिखित परीक्षा के आधार पर Viva Voce के अंक निर्धारित होगें।
12. दिनांक 10.04.2021 को आयोजित हो चुकी 001, 002, 003 विषय कोड की परीक्षायें पुनः आयोजित नही होंगी।

CS Scanned with CamScanner

13. दिनांक 12.04.2021 को सम्पन्न हो चुकी स्नातक द्वितीय वर्ष प्रश्नपत्र कोड A&B-226, B-256, B-213, B-220, B-241, S-201, I-301 New एवं स्नातक तृतीय वर्ष प्रश्नपत्र कोड A&B-326, B-356, B-313, B-320, B-341, S-301 के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को यह स्वतंत्रता प्रदान की गयी है कि वह सम्बन्धित प्रश्नपत्र समूह के बचे हुये प्रश्नपत्रों की परीक्षा मे सम्मलित न हों। उनकी दिनांक 12.04.2021 को सम्पन्न हो चुकी परीक्षाओं के आधार पर उस विषय के समस्त प्रश्नपत्र कोडों में अंक प्रदान कर दिये जायेगे।

हालॉकि यदि छात्र चाहें तो बचे हुये प्रश्नपत्र कोड की परीक्षा में बैठ सकते हैं किन्तु इस दशा में उनके दिनांक 12.04.2021 को सम्पन्न परीक्षा के अंक न प्रदान कर बचे हुये पेपर कोड की परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर उक्त विषय के प्रश्नपत्र समूह के सभी प्रश्नपत्रों में अंक प्रदान किये जायेंगें।

14. विश्वविद्यालय द्वारा जिन परीक्षाओं को आयोजित कराया जायेगा, उन्ही परीक्षाओं के छात्रों को बैक व भूतपूर्व छात्र के रूप में परीक्षा में बैठने का अवसर मिलेगा। शेष परीक्षाओं की बैक व भूतपूर्व परीक्षाओं के लिये छात्रों को बाद में यथा समय अवसर प्रदान कराया जायेगा।
15. एलएल0बी0 के प्रथम व षष्ठ, एलएल0एम0 के प्रथम व चतुर्थ तथा बी0ए0–एलएल0बी0 के दशम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि व रूपरेखा यथासमय घोषित की जायेगी।

Qualifying एवं Foundation Course के बारे में निर्णय :–

16. कोड संख्या–A001, A002, A003 शारीरिक शिक्षा में लिखित परीक्षा 10 अप्रैल 2021 को हो चुके है। इसके प्राप्तांकों को ही इनके प्रयोगिक परीक्षा के अंक माने जायेगें। प्रायोगिक परीक्षा आयोजित नही करायी जायेंगी।
17. क्योकि विश्वविद्यालय प्रथम वर्ष स्नातक की परीक्षा नही हो रही है, अतः फाउन्डेशन कोर्स A009 की परीक्षा आयोजित नहीं की जायेगी।
18. प्रथम वर्ष में क्वालिफाईग कोर्स A008 की परीक्षा केवल उन विद्यार्थियों के लिये आयेजित की जायेगी जिनका इन प्रश्नपत्रों में या तो बैक है या किसी और कारण से अर्ह हैं। इन प्रश्नपत्रों की परीक्षाओं में प्रथम वर्ष के इसी वर्ष के विद्यार्थी सम्मलित नहीं होगें।
19. द्वितीय वर्ष में फाउन्डेशन कोर्स 011/012/013 (भाषायें) एवं क्वालिफाईग कोर्स A 010 (General Awareness) की परीक्षायें होगी। इन प्रश्नपत्रों की परीक्षाओं में द्वितीय वर्ष एवं बैक व भूतपूर्व छात्रों इत्यादि समस्त अर्ह विद्यार्थी सम्मलित हो सकेंगें।

25-06-2021
परीक्षा नियंत्रक

25/06

CS Scanned with CamScanner